### खबर संक्षेप

## एसडीएम मंडला ने किया धान उपार्जन केंद्र बकोरी का निरीक्षण

**मण्डला।** खरीफ फसल के उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर से जिले में शुरू किया गया है। पहले दिन ही अधिकारियों ने केंन्द्रो पर पहुंच कर उपार्जन कार्य का जायजा लिया। इसी कड़ी में एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम ने धान उपार्जन केंद्र बकौरी का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने धान उपार्जन के लिए आवश्यक सुविधाओं, नागरिक आपूर्ति निगम से खरीदी उपरांत परिवहन तथा किसानों को भुगतान के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम श्रीमती सिडाम ने केंद्र के कर्मचारियों से कहा कि उपार्जन केंद्र में कृषकों के लिए नियमित रूप से स्लाट बुक कराते हुए उन्हें निर्धारित दिन और समय पर केंद्र पर बुलवाएं जिससे कृषकों को कोई असुविधा न हो। स्लॉट अनुसार फसल विक्रय करने आये क्षेत्र के कृषकों से भी उन्होंने चर्चा की। इस दौरान विभागीय अधिकारी, उपार्जन केंद्र का स्टाफ और क्षेत्रीय कृषक मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया बबलिया एवं नारायणगंज के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निदेशानुसार एसडीएम निवास सीएल वर्मा ने बबलिया और नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बबलिया केंद्र क्रमांक 02 एवं नारायणगंज के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में बारदानों की उपलब्धता, तौल मशीन, स्टैंसिल, पेयजल सुविधा आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन के लिए पहुंचे किसानों से बातचीत करते हुए उनका फीडबैक लिया। एसडीएम निवास श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र में पंजीकृत किसानों की संख्या तथा उपार्जन के लिए प्रतिदिन किए जाने वाले एसएमएस के बारे में जानकारी ली। इस दौरान विभागीय अमला मौजूद रहा।

## 17 दिसंबर को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**भुआबिछिया।** 17 दिसंबर को म,प्र पेंशनर समाज शाखा बिछिया द्वारा प्रतिवर्षा नुसार इस वर्ष भी 17 दिसम्बर बुधवार को पेंशनर दिवस के शुभ अवसर पर विशेष आयोजन कार्यक्रम किया जा रहा है। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बिछिया के सामने स्थित, शासन द्वारा पेंशनर समाज को प्रदान किए गए स्थान जो आवंटित किया गया है वहीं आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर पेंशनर समाज बिछिया के अध्यक्ष आजाद चौबे ने एवं सभी समिति के पदाधिकारियों ने 17 दिसंबर को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने ओर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### लाइव जुड़े जिले के 216 विद्यालयों के लगभग 60 हजार विद्यार्थी

# विजय पथ देगा सपनों को नई उड़ान

*** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु सार्थक प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से आरडी कॉलेज मंडला में करियर गाइडेंस कार्यक्रम प्रोजेक्ट विजयपथ का भव्य शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की विशेष उपस्थिति में किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, ताकि वे समय रहते अपने लक्ष्य पहचान सकें और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट विजयपथ को विद्यार्थियों के जीवन में निर्णायक पहल बताया। उन्होंने कहा कि करियर केवल अंक नहीं, बल्कि रुचि, मेहनत और निरंतर प्रयास से बनता है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट विजयपथ कलेक्टर के प्रयासों से शुरू की गई ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं व्यावसायिक अवसरों की सही जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।





मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में युवाओं के सपनों को पंख लगाने के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार के करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किए जाएं, तो इसका लाभ और अधिक युवाओं तक पहुंचेगा।

मंत्री श्रीमती उइके ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय ऐसा भी था जब स्कूल काफी दूर हुआ करते थे, लेकिन आज शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सही समय पर सही शिक्षा और सही मार्गदर्शन ही उन्हें उनकी तय मंजिल तक पहुंचाने में सबसे अधिक सहायक सिद्ध होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करते हैं, ऐसे समय में 'प्रोजेक्ट विजयपथ' जैसा प्रयास उन्हें वास्तव में विजय के मार्ग पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे समय में मार्गदर्शन देने वाला कोई नहीं होता था, इस कमी को हमने स्वयं महसूस किया है। आज के युवा संभावनाओं की तलाश में हैं और उन्हें सही दिशा दिखाना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट विजयपथ के अंतर्गत एक्सपर्ट्स पूरे दिन विद्यार्थियों की मदद करेंगे और उन्हें करियर से जुड़े हर पहलू की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि पहले के समय में ऐसा व्यवस्थित मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं होता था, जिसके कारण युवाओं को आगे चलकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।इस पहल के माध्यम से वही बातें विद्यार्थियों को शुरुआत में ही स्पष्ट रूप से बता दी जाएंगी।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ही सफलता की राह तय होती है। विद्यार्थियों को सफलता के लिए मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और संतुलित दिनचर्या अपनानी चाहिए। एसपी ने विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से संवाद कौशल विकसित करने तथा टीमवर्क सीखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने मोबाइल फोन के सीमित और सकारात्मक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि अनावश्यक मोबाइल उपयोग से लक्ष्य भटक सकता है।

कार्यक्रम में मुंबई से आए श्री संजय चौबे,जबलपुर से आए श्री रूपल जोशी और अन्य विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, स्किल डेवलपमेंट एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने सवाल रखे।

कार्यक्रम से पहले मंत्री श्रीमती उइके ने आरडी कॉलेज परिसर में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को दी जा रही जानकारियों की सराहना की। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को योजनाओं एवं करियर से जुड़ी जानकारी सरल और व्यवहारिक रूप में उपलब्ध कराई जाए।

कार्यक्रम को शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों तक भी पहुँचाने के लिए लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था की गई, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी इससे जुड़ सकें। लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से जिले भर के 216 स्कूलों के लगभग 60 हजार से अधिक विद्यार्थी कार्यक्रम से जुड़े।कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

## भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक



*** भाजपा प्रत्याशी कु. कृतिका चौरसिया ने भरा नामांकन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगरपालिका मंडला के वार्ड क्रमांक 08 श्रीराम वार्ड में होने वाले उपचुनाव को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के समर्पित प्रत्याशी स्व. ज्योति चौरसिया की पुत्री कु. कृतिका चौरसिया (शानू) ने विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया उत्साहपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया।

नामांकन के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपचुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठनात्मक तैयारी, जनसंपर्क अभियान, कार्यकर्ता दायित्व निर्धारण एवं चुनावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी सक्रियता, अनुशासन और समर्पण के साथ चुनाव अभियान में जुटें। भाजपा नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर वार्ड क्रमांक 08 में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी।



## विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 17 दिसंबर से

**मण्डला।** पूर्व के लंबित प्रकरणों, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक विशेष पेंशन शिविर का आयोजन जिला पेंशन कार्यालय मण्डला में किया जा रहा है। समस्त कार्यालय प्रमुख संबंधित स्थापना लिपिक लंबित पेंशन प्रकरण के साथ स्वयं उपस्थित होकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

## फूटी पाइप लाइन से सड़क पर बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

वार्ड क्रमांक 11 मेन रोड के पास पाइप लाइन फुट जाने से हजारों लीटर जल व्यर्थ ही बह रहा है। एक ओर सरकार द्वारा कई तरह के अभियान चलाकर पानी बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं नगर पालिका के जल विभाग की लापरवाही से व्यर्थ ही पानी बह रहा है। पाइपलाइन कई दिनों से फूटी पड़ी है, जिससे व्यर्थ ही पानी बहता रहता है। यहां के खाली प्लाटों गड्ढों में पानी भर जाता है। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेकार बह रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई भी कर्मचारी सुधार करने नहीं आया है। व्यर्थ पानी बहने से आसपास के खाली प्लाटों में पानी जमा हो रहा है और आगे सड़क पर ही पानी बहता रहता है। इस तरह पानी का व्यर्थ बहना नगरपालिका के कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है।



ऐसा नहीं है कि इस संबंध में नगरपालिका को जानकारी न हो, लेकिन इसके बावजूद उक्त पानी को व्यर्थ बहने से रोकने नगरपालिका द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसके कारण हजारों लीटर पानी रोजाना ही व्यर्थ बह रहा है।

**जनसेवा** | **प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पत्रकार परिषद ने की जनसेवा।**

# परिक्रमावासियों को बांटे गर्म कपड़े कराया भोजन

*** राधाराज आश्रम में हुआ प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा परिक्रमावासियों को कंबल गर्म कपड़े वितरण करते हुए भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम संत दीपक दास जी महाराज के आश्रम संगम तट महाराजपुर में आयोजित किया गया। यहां पर लगभग 50 परिक्रमावासियों को सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर संत दीपक दास जी महाराज का सम्मान करते हुए उन्हें लगभग 150 किलो अनाज दान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी परिवार सहित पहुंचे और उन्होंने परिक्रमा कर रहे नर्मदाभक्तों से मुलाकात करते हुए उन्हें सामग्री सौंपी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वे विगत कई वर्षो से ठंड के दिनों में परिक्रमावासियों को गर्म कपड़े वितरण करते हैं। वहीं गर्मी के दिनों में परिक्रमावासियों को सामग्री उपलब्ध कराते हैं उन्होंने कहा कि विगत पांच सालों से वे मंडला आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा के हर रूप को देखा व महसूस किया जा सकता है। नर्मदा को वैसे तो लोग धार्मिक व आध्यात्मिक दृष्टि से ही देखते हैं लेकिन इसे करीब से जानने वाले विज्ञान और जल धाराओं के संघर्ष को जोडकर जीवंत पाठशाला के रूप में जानते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से जहां ये मनमोहनी लगती है वहीं खतरनाक परिस्थितियों में भी अपने वेग को शांत रखकर आगे बढने के लिए ये मन को शांत रखने का संदेश भी देती है। अमरकंटक की नर्मदा भरूच तक अपने साथ कई रंग, संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा भी देती है। बताया कि क्यों मां नर्मदा ने कभी उत्तर दिशा और कभी दक्षिण दिशा की ओर प्रवाह किया। इसके आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारणों को भी उन्होंने विस्तार से बताया। उपनगर महाराजपुर स्थित नर्मदा परिक्रमा आश्रय स्थल जिसका संचालन अधिवक्ता धनश्याम बर्मन द्वारा किया जा रहा है उक्त आश्रम में श्री तिवारी का स्वागत किया गया। यहां पर सेवाप्रसादी वितरण के आयोजन पर प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई इसी के साथ तिंदनी गाजीपुर स्थित काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल आश्रम में बच्चों से मुलाकात करते हुए उन्हें ऊनी वस्त्र फल प्रदान कर गौशाला का भ्रमण किया इस दौरान उपस्थित आचार्यो ने आश्रम संचालन की रूपरेखा बताई। वही सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति उमा यादव के आवास पर आयोजित अखंड रामायण पाठ पर शामिल होते हुए उपस्थित धर्मप्रेमियों से संवाद किया। वहीं अनेक धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी किया जहां पर परिक्रमावासियों से प्रदेश अध्यक्ष ने मुलाकात करते हुए उनसे आर्शीवाद लिया। वहीं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश दुबे ने उपस्थित लोगों को बताया कि समाज कल्याण प्रकोष्ठ समाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गरीब और जरूरतमंदो की मदद भी करता है उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हो पाया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार ने उपस्थित पदाधिकारियों को स्थल का भ्रमण कराते हुए त्रिवेणी संगम की महत्वता पर प्रकाश डाला।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- घरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. बीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवाड पिता/पति देवगिरी गायकवाड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति बीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत, वन्देमातरम व सेवा सुशासन विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी को होगा आयोजन

**डिंडौरी।** केंद्रीय संचार ब्यूजरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार भोपाल द्वारा जिला प्रशासन व केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी के साथ मिलकर विकसित भारत /2047, वन्देमातरम व सेवा सुशासन विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 16 एवं 17 दिसम्बर 2025 को डिंडोरी के केन्द्रीय विद्यालय परिसर में लगाई जा रही है। जिसका शुभारम्भ 16 दिसम्बर 2025 को सुबह 1030 बजे जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा किया जाएगा । प्रदर्शनी सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक सभी लोगों के लिए निःशुल्कर खुली रहेगी। दो दिवसीय आयोजन में विविध गतिविधियों में विषय पर गीत नाटक की प्रस्तुति, स्पर्धाओं व प्रश्न मंच के आयोजन भी किए जाएंगे ।लगाई जा रही दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के पूर्व, प्रचार वाहन से डिंडोरी नगर में सोमवार, 15 दिसम्बर 2025 को भ्रमण करते हुए ऑडियो व बैनर से संदेश दिया। इस अवसर पर ऑडियो के माध्यम से नगरवासियों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी में पधारकर चित्रों के माध्यम से विकसित भारत /2047, वन्देमातरम व सेवा सुशासन विषय की विभिन्न जानकारी को जाने और इसका लाभ उठाएं ।

### अमरकंटक में टैक्सी किराया सूची लागू

**अमरकंटक।** टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत इकाई अमरकंटक द्वारा यात्रियों की सुविधा, पारदर्शिता और मनमानी वसूली पर रोक लगाने के उद्देश्य से नई टैक्सी किराया सूची तैयार कर थाना अमरकंटक एवं नगर परिषद अमरकंटक में विधिवत रूप से जमा की गई है। टैक्सी यूनियन द्वारा जारी निर्देशानुसार, अमरकंटक क्षेत्र में संचालित सभी टैक्सी एवं यात्री वाहनों के चालकों को अपने-अपने वाहनों में किराया सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय यात्रियों को यात्रा से पूर्व किराए की सही जानकारी प्राप्त हो सके। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था से न केवल यात्रियों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि टैक्सी चालकों के बीच भी एकरूपता बनी रहेगी और किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही, प्रशासनिक स्तर पर भी किराया संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। नगर परिषद एवं थाना प्रशासन ने टैक्सी यूनियन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि किराया सूची के पालन से क्षेत्र में व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। इस पहल से अमरकंटक आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित, सुगम एवं न्यायसंगत परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आवास दिलाने के नाम पर 50 हजार की ठगी, अब नोटिस देकर खाली कराने का आरोप

**जमुना/बदरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत रीजनल अस्पताल भालूमाड़ा में पदस्थ वार्ड बॉय गणेश मलिक पर आवास दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी करने और बाद में जबरन आवास खाली कराने का गंभीर आरोप लगा है इस संबंध में पीड़ति राजेंद्र सोनी एवं उनकी पत्नी रीना पनिका ने संपदा अधिकारी, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, पीड़ति का परिचय वार्ड बॉय गणेश मलिक से कई वर्षों से था अप्रैल 2025 में गणेश मलिक ने जमुना स्थित आवास क्रमांक I/289 दिलाने के एवज में कुल 20 हजार रुपये की मांग की पहले 10 हजार रुपये नकद लिए गए और शेष 10 हजार बाद में देने की बात कही गई आरोप है कि इसके बाद उक्त आवास के मेंटेनेंस के नाम पर 40 हजार रुपये खर्च करवा लिए गए। पीड़ति का कहना है कि बाद में गणेश मलिक ने आवास किसी अन्य के नाम आवंटित कराने का भरोसा दिया, लेकिन ऐसा नहीं किया कुछ समय बाद उसने उक्त आवास अपनी रिश्तेदार के नाम आवंटित करवा लिया और शेष राशि नहीं देने के आधार पर आवास खाली कराने की धमकी दी। अंततः 19 नवंबर को आवास खाली कराने का नोटिस भी जारी कर दिया गया। पीड़ति ने आरोप लगाया है कि गणेश मलिक द्वारा धोखा देकर लिए गए 10 हजार रुपये नकद तथा मेंटेनेंस में खर्च कराए गए 40 हजार रुपये कुल 50 हजार रुपये वापस दिलाए जाएं साथ ही आरोपी वार्ड बॉय के खिलाफ विभागीय एवं आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई है।

### CBMO पर तीन साल से बिना ड्यूटी के भुगतान लेने का आरोप

# डॉक्टरों व अस्पताल स्टाफ ने एसडीएम को सौंपी शिकायत, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**डिंडौरी –** शहपुरा ब्लॉक में आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही प्रोत्साहन राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) शहपुरा में पदस्थ सीबीएमओ डॉ. सत्येंद्र परस्ते के खिलाफ डॉक्टरों एवं अस्पताल स्टाफ ने एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में आयुष्मान प्रोत्साहन राशि के वितरण में गंभीर फर्जीवाड़े के आरोप लगाए गए हैं। डॉक्टरों व कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि सीबीएमओ डॉ. सत्येंद्र परस्ते ने पिछले तीन वर्षों से नियमित चिकित्सकीय ड्यूटी नहीं करने के बावजूद स्वयं को चिकित्सक दर्शाकर आयुष्मान प्रोत्साहन राशि प्राप्त की। इसके अलावा आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं मान्यता न होने के बावजूद मेडिकल स्पेशलिस्ट के रूप में प्रोत्साहन राशि लेने का भी आरोप शिकायत में शामिल है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, एक वर्ष से अधिक समय तक मातृत्व अवकाश पर रहीं महिला कर्मचारियों को भी इलाज के नाम पर प्रोत्साहन राशि




आवंटित की गई। वहीं, वार्ड बॉय द्वारा वर्षों से सेवा न देने के बावजूद उसके बैंक खाते में नियमित रूप से राशि डाले जाने का भी आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं, स्थानांतरण होकर अन्यत्र पदस्थ हो चुके कर्मचारियों को भी शहपुरा ब्लॉक से आयुष्मान प्रोत्साहन राशि का भुगतान किए जाने की बात सामने आई है, जो नियमों का खुला उल्लंघन बताया जा रहा है। डॉक्टरों एवं अस्पताल स्टाफ ने मांग की है कि मार्च 2020 से अब तक शहपुरा ब्लॉक में वितरित की गई संपूर्ण आयुष्मान प्रोत्साहन राशि की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो।शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर डिंडौरी एवं संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर को भी भेजी गई है। मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस गंभीर प्रकरण पर क्या कदम उठाता है और जांच कब तक शुरू होती है

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



**डिंडौरी।**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपी ग्राम एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक समय पर लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता की स्थिति, शासकीय एवं निजी विद्यालयों में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, नगरीय क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्वीकृति, आवंटन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही जिले में धान एवं कोदो-कुटकी उपार्जन, उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा नरवाई प्रबंधन की स्थिति पर भी चर्चा हुई।कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया, परख एप्लीकेशन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति, स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति तथा निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए भोजन, आवास एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में दुग्ध डेयरी, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसी आजीविका आधारित गतिविधियों, सांदीपनि विद्यालय भवन निर्माण एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त यातायात व्यवस्था एवं विभिन्न विभागीय गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा आम नागरिकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की कोर्टवार समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरुस्ती से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 50 फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवायसी एवं एनपीसीआई सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।बैठक में राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा



की गई। जिले के लिए निर्धारित 4 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2.18 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। शेष 1.81 करोड़ रुपये की वसूली फरवरी माह तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कार्य प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर राजस्व निरीक्षक मंडल अमरपुर, डिंडौरी, करंजिया, बजाग, मेंहदवानी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि इसके बावजूद कार्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार के विरुद्ध आगामी माह में वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, समस्त तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, भू-अभिलेख अधिकारी रेवा झारिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अमरपुर पुलिस एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**अमरपुर।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत बुधराम पिता मंगलू सिंह आर्मो उम्र 50 वर्ष जिस पर वर्ष 2020 में धारा 294, 323, 324, 506 के तहत मुकदमा दर्ज था। जोकि वर्षों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटी जारी किया गया था। कमकोमोहनियां गांव में ही उपस्थित होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस चौकी प्रभारी अतुल हरदहा के निर्देशन पर पुलिस चौकी का स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर 14 नवंबर को गिरफ्तार कर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट न्यायालय डिंडौरी में पेश करने भेजा गया।



## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस डिंडौरी में 15 दिवसीय कंप्यूटर जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चन्द्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डिंडौरी में पीएम ऊषा सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत प्रोफेसर एवं कार्यालयीन स्टाफ के लिए 15 दिवसीय कंप्यूटर जागरूकता कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार दुबे, कोर्स कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रवि सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. अमित बेलिया, सैडमैप के जिला समन्वयक श्री एस.के. शर्मा सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।जिला समन्वयक एस.के. शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएम ऊषा योजना के अंतर्गत शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न कौशलों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान करते हुए इनके महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रवि दुबे, डॉ. रवि सिंह एवं अन्य विभागों के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक कंप्यूटर एवं डिजिटल तकनीकों से परिचित कर उन्हें भविष्य के रोजगार एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए सक्षम बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## युवक कांग्रेस ने मंत्री प्रतिमा बागरी का किया पुतला दहन, शहपुरा में जताया विरोध

**शहपुरा –** युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन पाठक के नेतृत्व में ब्लॉक शहपुरा के शहीद स्मारक परिसर में बुधवार को मध्य प्रदेश शासन की मंत्री एवं डिंडोरी जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध हाल ही में मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई पर गांजा तस्करी एवं बहनोई पर शराब तस्करी के आरोपों को लेकर किया गया। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है और ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए



दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। युवक कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय, संगठन मंत्री राजेन्द्र गुप्ता, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेवा झारिया, मीडिया प्रभारी संजय दुबे, जिला प्रवक्ता रघुनंदन पांडेय, ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष अजय शर्मा सहित संजू रजक, संदीप झारिया, मायाराम पूना साहू, सोनू गुप्ता, दुर्गेश पटा, रमेश चंदेल एवं बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा क्षेत्र में सोमवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे सुबह के समय सड़कों पर आवागमन प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा। कोहरे के साथ ठंड में भी जबरदस्त इजाफा दर्ज किया गया। शीतलहर जैसे हालात बनने से आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। ठंड से बचाव के लिए लोग जगह-जगह अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए। चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में लोग आग तापते हुए नजर आए। ठंड का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर देखने को मिल रहा है। सुबह के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं लोग आवश्यक कामों के लिए ही घरों से बाहर निकले। किसानों और राहगीरों को भी कोहरे के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों से सतर्क रहने और ठंड से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की जा रही है।

## शहपुरा की बेटी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, डॉ. खुशनुमा खान को पीएचडी की उपाधि

### सांदीपनि विद्यालय (शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय), शहपुरा की छात्रा रही हैं डॉ. खुशनुमा खान

**शहपुरा।** शहपुरा तहसील की होनहार और प्रतिभाशाली बेटी डॉ. खुशनुमा खान ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 12 दिसंबर को उन्हें एसआर विश्वविद्यालय द्वारा फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उन्हें उनके मौलिक शोध कार्य एवं उत्कृष्ट शोध प्रबंध के लिए दिया गया।डॉ. खुशनुमा खान का शोध औषधीय पौधों से प्राप्त उर्सोलिक एसिड के फाइटोकेमिकल गुणों एवं उसकी रोगाणुरोधी गतिविधि पर केंद्रित रहा। उनके शोध में यह सामने आया है कि उर्सोलिक एसिड में कई ऐसे औषधीय तत्व मौजूद हैं जो विभिन्न रोगाणुओं के



विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। यह शोध फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है, जिससे भविष्य में नई दवाओं के विकास की संभावनाएं भी प्रबल हुई हैं। डॉ. खुशनुमा खान सांदीपनि विद्यालय (शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय), शहपुरा की पूर्व छात्रा भी रही हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने उनकी उपलब्धि को वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है।

डॉ. खुशनुमा खान शहपुरा तहसील निवासी हैं। वे शासकीय चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत्त दौलत बख्श खान एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका अनवरी बेगम की पुत्री हैं। अनुशासित पारिवारिक पृष्ठभूमि और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। जनप्रतिनिधियों, समाजजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डॉ. खुशनुमा खान की सफलता न केवल शहपुरा बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है और यह बेटियों की शिक्षा व वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### दिवंगत शिक्षक के परिजन को 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के शिक्षकों द्वारा संचालित कर्मचारी कल्याण कोष ने एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दमोह जिले के दिवंगत शिक्षक दिलीप लोधी के परिवार को 32 लाख रुपये की ऐतिहासिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। यह पहली बार है, जब राज्य के शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से इतनी बड़ी राशि किसी दिवंगत शिक्षक के परिजन तक पहुँचाई गई है।जानकारी के अनुसार, प्रदेश के 55 जिलों एवं 313 विकासखंडों में पदस्थ शिक्षकों ने 100-100 रुपये सहयोग कर यह राशि संकलित की। सहयोग की प्रक्रिया अब भी जारी है। योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह सहायता केवल एक आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि शिक्षक समाज की एकजुटता, संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल है। प्रदेश के सभी 55 जिलों की टीमों ने इस योजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कलेक्टर द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरित



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभिन्न कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 6 शासकीय सेवकों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को पीपीओ वितरित किये। उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल- श्रीफल भेंट कर स्वस्थ एवं सुखद भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरित किये, उनमें अबू हसन जाहिद, लखन सिंह रघुवंशी, सुशील कुमार जैन, श्याम लाल साहू, शकुन राय और नरेन्द्र मेहरा शामिल हैं।

### आज मंगलवार को कलेक्टर की मौजूदगी में आयोजित होगी जन सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वैसे जन सुनवाई कार्यक्रम तो हर मंगलवार को आयोजित किया जाता है। मगर आज काफी लम्बे अंतराल के बाद जिला कलेक्टर की मौजूदगी में नगर के तहसील कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले के दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी छोटी- बड़ी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर जिला मुख्यालय आते हैं। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को होने वाली अनावश्यक असुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। इसी के चलते आज गाडरवारा तहसील कार्यालय में आयोजित होने वाली जन सुनवाई में स्थानीय अधिकारियों के आलवा जिला कलेक्टर उपस्थित रहेंगी। वही इस दौरान अन्य विभागों के जिला अधिकारी उक्त जनसुनवाई में वीसी के माध्यम से जुड़े रहेंगे। इस तरह कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में आज मंगलवार 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से जनसुनवाई का आयोजन तहसील कार्यालय गाडरवारा में किये जाने की जानकारी मिलते ही जहां तहसील से लेकर साईखेड़ा, चीचली, सालीचौका के अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति देखने मिल रही है। वही दूर रात तक अपने कार्यालयों में तैयारियाँ करते हुये देखे गये।

### सीतारेवा नदी में बनाया गया 175 बोरियों का बंधान

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** मप्र जनअभियान परिषद के तत्वाधान में विकास खंड चीचली के समीप ग्राम गांगई के निकट सीतारेवा नदी में 175 बोरियों का बंधान बनाया गया। बताया जाता है कि यह बोरी बंधान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों एवं विकास खण्ड की नवांकुर संस्था माही सामाजिक विकास संस्थान चीचली के तत्वाधान में किया गया।

## अंत्येष्टि सहायता की राशि के लिए परेशान हो रहा दिव्यांग

# सिस्टम का सितम या कर्मचारियों की लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा अनेकों महत्वपूर्ण योजनाएं बनाकर गरीबों को लाभ देने की बात कहती है। सरकार वादों के अनुरूप योजनाएं भी संचालित करती है लेकिन प्रशासन मे बैठे अधिकारी कर्मचारी सरकार योजनाओं पर पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड़ते है। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय के करीबी ग्राम पंचायत देवरी कलां का सामने आया जहां पर दिव्यांग को अत्येष्टि सहायता की राशि के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। जबकि सरकार व नेता मंचों से घोषण करते है कि अंत्येष्टि के लिए किसी गरीब को कर्ज ना लेना पड़े उसके लिए तुरंत अंत्येष्टि सहायता संबंधित कर्मचारी द्वारा दी जावेगी। लेकिन यह योजनाए व घोषणाएं केवल कागजों पर सिमटती नजर आ रही है जबकि यह पंचायत मंत्री का गृह जिला है।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय की समीपी ग्राम पंचायत देवरी कला निवासी दिव्यांग रीतेश नेमा द्वारा बताया गया कि बीते माह पिता की मृत्यु हो गई। उसके उपरांत पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सचिव द्वारा कोई सुध नही ली गई एवं उनसे अंत्येष्टि सहायता की राशि के संबंध मे बात की गई तो कागजी कार्रवाई करने की बात कही तथा कागज




ले लिए गए। परन्तु डेढ माह बीतने के बाद भी अंत्येष्टि सहायता की राशि हितग्राही को नही दी गई। दिव्यांग द्वारा बताया गया कि वह उक्त राशि के लिए पात्र है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा कागजी कार्रवाई एवं आनलाइन पोर्टल का बहाना बनाया जा रहा है। जबकि वास्तव देखा जाए तो पीड़ति को तत्काल सहायता राशि पंचायत को दे देनी चाहिए थी क्योकि पिता की मृत्यु के बाद परिवार को कोई सहारा नही बचा है और पीड़ति पूरी तरह से दिव्यांग है।

### सिस्टम का सितम

सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मे कितनी राशि है कहां पर राशि खर्च की जा रही है आदि सम्पूर्ण ब्यौरा ऑनलाइन के माध्यम से देखा जा सकता है पंचायत द्वारा किए जा रहे सभी कार्यो की ऑनलाइन फीडिंग की जाती है। लेकिन अंत्येष्टि सहायता की राशि के लिए सरकार द्वारा विकल्प रखा गया है। उसमें स्पष्ट रूप से निर्देश है कि पंचायत सचिव किसी भी पात्र व्यक्ति की मृत्यु पर तुरंत राशि देकर बाद में उसका समायोजन कर सकता है। परन्तु देवरी कला पंचायत के सचिव द्वारा दिव्यांग को पोर्टल पर दर्ज ना होने की बात कहकर टाला जा रहा है। ये सिस्टम का सितम है या कर्मचारियों की लापरवाही है। प्रशासन इसकी जांच कर ठोस कार्रवाई करे।

### योजनाओं पर लग रहा पलीता

सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं मे पलीता लगाने मे अधिकारी कर्मचारी कोई कसर नही छोड़ रहे। जबकि सरकार द्वारा दावे किए जाते है कि गरीबों को उनकी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है। परन्तु वास्तव मे देखा जाए तो अधिकारी कर्मचारियों द्वारा योजनाओं को आनलाइन पोर्टल के नाम पर लटकाया जाता है और पात्र गरीबों को योजनओं का पूरा लाभ नही मिल पा रहा है। अब विचारणीय यह है कि ग्रामीण पंचायत मंत्री के गृह जिले एवं उनकी ही विधान सभा में यह स्थिति है तो पूरे प्रदेश में क्या स्थिति होगी इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों को भी उक्त ओर ध्यान देना चाहिए जिससे योजनाओं को लाभ गरीबों को मिल सके।

### इनका कहना है

उक्त संबंध मे आपके द्वारा जानकारी दी गई। मै जिला पंचायत सीईओ से बात करता हूं।
**राम स्नेही पाठक, जिलाध्यक्ष भाजपा**

उक्त संबंध में मुझे जानकारी नहीं है आपके द्वारा उक्त जानकारी दी है मैं दिखवाता हूं।
**शैलेंद्र सिंह राजपूत, अध्यक्ष जनपद पंचायत**

हितग्राही द्वारा कागजी कार्रवाई के लिए स्वयं आवश्यक दस्तावेज देने में देरी की है तथा तीन दिन से पोर्टल बंद है, उसी दौरान दो पंचायतों का कार्यभार एवं एसआईआर का कार्य होने के कारण विलंब हुआ है।
**उत्तम पटेल, सचिव**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, परिवहन विभाग, नगर पालिका, एनएचएआई, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने व्ही टू मॉल, अस्पतालों के सामने में पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित करने के निर्देश



दिए। शहर के अनेकों स्थानों जैसे ब्रांच स्कूल, कलेक्ट्रेट एवं कोर्ट जाने वाले आदि स्थानों पर ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य विभाग को रिफ्लेक्टर मिरर लगाने के निर्देश दिए। एनएचएआई को बरमान मेले में आवागमन के लिए सिविल रोड एवं रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे डबल ट्रॉली से गन्ना का आवागमन पर रोक लगाई जाए। एमपीआरडीसी विभाग और डीएलपी द्वारा करेली- गाडरवारा में साइड शोल्डर पेच रिपेयर ठीक तरीके से कराने के निर्देश दिए। नरसिंहपुर शहर के अंदर दिन के समय भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतरू बंद कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में मौजूद अधिकारी द्वारा अपने- अपने सुझाव व्यक्त किए।

### प्राकृतिक चिकित्सा तनाव मुक्त जीवन प्रबंधन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को प्राकृतिक चिकित्सा तनाव मुक्त जीवन प्रबंधन आदि विषयों पर योगाचार्य डॉ. अनुराग त्रिपाठी व डॉ रोली त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया और उपस्थित अधिकारियों की विभिन्न स्वास्थ्य से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित जिला अधिकारी मौजूद थे। प्राकृतिक चिकित्सा तनाव मुक्त जीवन प्रबंधन आदि विषयों पर 16 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला पंचायत, ग्रा.यां.से., मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी के साथ- साथ जनपद पंचायत नरसिंहपुर के सरपंच, सचिव व जीआरएस भी शामिल होंगे। इसी दिन अपरान्ह 3 बजे से नगर पालिका नरसिंहपुर के सभागार में उक्त प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर पालिका, एमपीईबी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी- कर्मचारी शामिल होंगे। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान- डाइट नरसिंहपुर में 17 दिसम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें डाईट सहित स्टाफ और शिक्षक शामिल होंगे।



## बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हाल ही में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100-दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया गया है कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि स्वागत के साथ की गई। इस दौरान सुश्री प्रांजलि मार्शकोले असिस्टेंट डायरेक्टर महिला व बाल विकास विभाग ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के तहत बाल संरक्षण और पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार रैकवार ने विद्यार्थियों को अनाथ बच्चों की आर्थिक सहयोग उपलब्धता, एवं विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दी तथा चाइल्ड हेल्प लाइन-1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद सदस्य महेश नेमा अपराधों से जागरूकता, बच्चों के न्यालय, गुड टच बेड टच की जानकारी, आत्मबल को बढ़ाने की तकनीक, भारतीय संस्कृति के बारे में, लक्ष्यों की पूर्ति , बाल विवाह उन्मूलन, लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इनके बाद सौनिध्य सराठे बाल संरक्षण अधिकारी ने कहानी के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया, बच्चों के अधिकारों व किशोर



न्याय अधिनियम, सहभागिता के अधिकारों के बारे में एवं पोक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। बालको के सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ बालकों में बढ़ रहे नशापान की प्रवृत्ति, मोबाइल का दुष्परिणाम के बारे में बताया। बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा के कारण बच्चों में हो रहे मानसिक गतिविधि के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया। आशीष विश्वकर्मा जिला सामाजिक अधिकारी ने बालिकाओं को चाइल्डलाइन की जागरूकता के लिए कोमल शॉर्ट मूवी भी दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन अमृताश दुबे जिला सामाजिक अधिकारी ने की। पूरे कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के साथ समस्त शिक्षकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। अतिथियों,शिक्षकों स्वल्पाहार एवं विद्यार्थियों को बिस्किट वितरित की गई।

## आदिनाथ का हुआ राजतिलक, 32 मुकुटबद्ध राजाओं द्वारा भेंट







**तेंदूखेड़ा** नगर में विगत 11 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक चल रहे मुनि श्री सुब्रतनाथ जीनविम्व पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिवस तप कल्याणक के दौरान नित्य नियम पूजन अभिषेक तथा जन्मकल्याणक की पूजन के साथ साथ महाराज नाभिराज का दरबार लगाया गया आदिनाथ का पाणिग्रहण संस्कार और राजतिलक हुआ।32 मुकुटबद्ध राजाओं द्वारा भेंट कर समर्पण किया।नीलांजना नृत्य वैराग्योपति लौकांतिक देवों द्वारा स्वप्न दीक्षावन प्रस्थान तप कल्याणक की क्रियाएं सोलह संस्टारारोहण संपन्न हुये। रात्रि में प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

***मुनि श्री के आहार के साथ आदिनाथ स्वामी का पहला आहार सेठ परिवार में*** पंचकल्याणक महोत्सव समीति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के पुण्याजक सेठ ज्ञानचंद जैन के निवास पर चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज के आहार के साथ साथ आदिनाथ जी का पहला आहार कराने का भी सौरभ डा अखिलेश जैन आशीष कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। तथा इन्हीं के सुपुत्र अरह जैन को आदिकुमार का बाल सखा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

***जुआ और चोरी से रहियो हमेशा दूर*** - पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान रविवार को रात्रि साढ़े नौ बजे से शुरू हुये अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पेरोडी गीत गजल के कवि अजय अहिंसा ने संचालन करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान हालातों दुर्व्यसनों और बुरी आदतों से दूर रहने और नाक से शंख की ध्वनि निकाली और उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।जुआ और चोरी से रहियो हमेशा दूर अरे ये रस्ते है पाप के।

***महावीर फिर से आइये इस धरती पर*** - मां वीणा पाणी की वंदना करने के उपरांत डा मोनिका हटीला द्वारा मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। तथा महावीर फिर से आइये इस धरती पर और संतों का यदि सानिध्य मिले निर्मल तन मन हो जाये। पंक्तियों ने खूब तालियां बटोरी।

***अहंकार है मन का दुश्मन*** - *जीवन जीने का रास्ता गुरुवर यही बताते हैं* डा अमित शुक्ला रीवा ने उक्त पंक्तियों के साथ साथ हास्य व्यंग क्षणिकाओं के माध्यम से पूरे सदन को खूब हंसाया।

***इंडिया नहीं भारत बोलो*** - डा कमलेश बसंत ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के मिशन इंडिया नहीं भारत बोलो पर अपनी कविता छोड़ते हुए सम्मेद शिखर पर हस्तक्षेप करने वाली ताकतों को आड़े हाथों लेते हुए अपनी बात रखी। वहीं लाफ्टर फेम संजय पांडेय ने जबलपुर से गीत गजल की कवयित्री अर्चना अर्जन और मनीष जैन छिंदवाड़ा ने भी अपनी अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।साथ नगर की माटी में जन्मे पढ़े बढ़े सागर मेडीकल कालेज में अपनी सेवाएं दे रहे डा अखिलेश जैन ने भी पिता के आर्शीवाद और हाथ को सर्वोपरि बताया।

***आज गजरथ की फेरी*** - आज पंचकल्याणक महोत्सव का समापन गजरथ के साथ होगा।जिसे लेकर समीति द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। बाहर क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आने की संभावनाओं को देखते हुए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

### वृक्षों की हत्या कर विकास का दावा आत्मघाती सोच - शंकराचार्य



**गोटेगांव**

विगत दिवस ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज ने देशभर में हो रही अंधाधुंध पेड़ों की कटाई पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इसे केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मानव जीवन, सनातन संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर सीधा प्रहार बताया।*वृक्षों को मानवीय जीवन का आधार*शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि वृक्ष मानव के मौन उपकारक हैं, जो बिना किसी अपेक्षा के प्राणवायु, छाया, फल और औषधि प्रदान करते हैं। ऐसे जीवनदायिनी वृक्षों को विकास के नाम पर काटना घोर अन्याय और अधर्म है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो समाज अपने पेड़ों को काटता है, वह स्वयं अपने अस्तित्व की जड़ें काट रहा है। बिना प्रकृति के मानव का कोई भविष्य नहीं है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता रस्टी साहू पिता राजेन्द्र साहू निवासी शिवाजी वार्ड कंदेली नरसिंहपुर तहसील व जिला नरसिंहपुर उक्त पते का स्थाई निवासी है। यह कि मेरे ड्राइविंग लायसेंस में पिता का नाम त्रुटिवश गलत लिख गया है जिसे सुधरवाना चाहता है। यह कि मेरे पिता का नाम राजेन्द्र साहू अंग्रेजी में RAJENDRA लिखा गया है जो गलत है। जबकि सभी दस्तावेजों में सही नाम राजेन्द्र साहू अंग्रेजी मे RAJENDER दर्ज है। सुधार हेतु शपथ पत्र पेश कर रहा हूं।

गलत नाम -RAJENDRA
सही नाम -RAJENDER

**आम सूचना (इश्तहार)**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कृष्णकांत आत्मज स्व. श्री सुखराम जाति लोधी जो ग्राम सहावन, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म. प्र. का मूल निवासी है तथा ग्राम सहावन आवादी भूमि में स्थित ख. नं. 383/1 के भूखंड संख्यांक 503 में अपने पूर्वजो के समय से निवास करता आ रहा है । किन्तु ड्रोन सर्वे के दौरान राजस्व विभाग द्वारा उसे राजस्व रिकार्ड में अन्य किसी और के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। इसी के चलते जानकारी मिली है कि वह लोग उक्त भूमि को विक्रय करने की कोशिश कर रहे है। जबकि उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार का 1/3 हक व हिस्सा निहित है तथा मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति पर अपने हक हिस्सा अनुसार मालिक काविज है। अतः इस इश्तहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंड को कोई क्रय न करे अन्यथा की स्थिति में मेरा पक्षकार न्यायालय कार्यवाही करेगा जिसमें होने वाले समस्त हर्जा खर्चा व परिणामों के लिये क्रय कर्ता खुद ही जिम्मेदार रहेगे ।

स्थान- गाडरवारा
दिनांक- 15/12/2025
डालचंद कीर अधिवक्ता
सिविल कोर्ट गाडरवारा
मो.- 9589800804

## नहीं मिल रहा ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ, जन आरोग्य केंद्र शोभा की सुपारी बना, स्वास्थ्य कर्मचारी की तैनाती न होने से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र वीरान

**गोटेगांव** तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरीबड़ी में स्थित नवनिर्मित भवन बंद पड़ा धूल फांक रहा है। शासन द्वारा ग्रामवासियों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत भवन के बाजू में आयुष्मान आरोग्य केंद्र का निर्माण कार्य किया गया था।ग्रामीणों एवं आसपास के मरीजों को छोटे-मोटे इलाज के लिए गोटेगांव आवागमन करना पड़ता है, जिससे मरीजों का समय नष्ट होता है। मरीज को उचित और तत्काल इलाज मिले, इसी को सार्थक करने के लिए जन आरोग्य केंद्र की नींव रखी गई थी।शासन ने लाखों रुपए की धनराशि खर्च कर दो मंजिला भवन का निर्माण किया, परंतु इस जन आरोग्य केंद्र के नवीन भवन को तैयार हुए लगभग डेढ़ वर्ष बीत चुके हैं। यह भवन पूरी तरह से रंगाई-पुताई होकर तैयार खड़ा है और नियमित स्वास्थ्य अधिकारी का इंतजार कर रहा है। परंतु यह ग्राम पंचायत का दुर्भाग्य है या वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी, जिसके कारण अधिकारी उपलब्ध न होने से यह भवन शोभा की सुपारी बन रहा है। ग्रामवासी बताते हैं कि करीब डेढ़ वर्ष पहले यह भवन बनकर निर्मित हुआ है, परंतु यह भवन पिछले डेढ़ वर्ष से बंद पड़ा है। कोई भी अधिकारी इस जन आरोग्य केंद्र में आता-जाता नहीं है, जिसके कारण यह बंद ही रहता है। लाखों रुपए खर्च करके भवन तो तैयार कर दिए जाते हैं, वहीं उचित स्वास्थ्य अधिकारियों की तैनाती न होने से भवन का निर्माण सार्थक साबित नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को



गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, इस दिशा में नियमित स्वास्थ्य कर्मचारी की तैनाती जल्द होनी चाहिए।*इनका कहना*सीएचओ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि जन आरोग्य केंद्र में जो वर्तमान में पदस्थ है वो डिलीवरी छुट्टी होने के कारण तैनाती न होने से नियमित रूप से नहीं खुल पा रहा है मैं पूरा प्रयास कर रहा हूं मैंने अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है जल्द ही आरोग्य केंद्र नियमित रूप से खुलेगा। डॉक्टर एस एस धुर्वे सीबीएमओ गोटेगांव

## कृष्ण के प्रति रुक्मणी का प्रेम

**गोटेगांव नरसिंहपुर**

श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन रुक्मणी विवाह प्रसंग श्री कृष्ण के प्रति रुक्मणी का प्रेम भक्ति की सर्वोत्तम परिभाषा गोटेगांव नगर स्थित भगत सिंह वार्ड जागृति नगर श्रीधाम हॉस्पिटल के पास आयोजित श्रीमद् भागवत कथा छठे दिन कथा कथा व्यास पंडित विवेक भूषण तिवारी महाराज ने रुक्मणी विवाह प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को




भक्ति के सरल मार्ग पर ले जाता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा संचार करता है महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान श्री कृष्ण के प्रति रुक्मणी का अद्भुत प्रेम और अटूट समर्पण भक्ति की सर्वोत्तम परिभाषा है उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से भक्ति श्रद्धा और प्रेम के महत्व को समझाया रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश श्रीमद् भागवत आयोजन समिति के सभी सदस्य गण बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे1